# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 24.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच हुए ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह को किया संबोधित, कहा– सौ साल पहले हुई यह बैठक विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य के लिए प्रेरणा का स्रोत।
- भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भाजपा ने राज्य सरकार पर बोला हमला, राज्यभर के अंचल कार्यालयों का किया घेराव, कांग्रेस ने किया पलटवार।
- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से की मुलाकात, राज्य में पेसा कानून लागू करने की मांग की, पीएम जनमन के प्रभावी क्रियान्वयन और जेपीएससी परीक्षा में हुई अनियमितता की जांच का भी किया आग्रह।
- मौसम विभाग ने रांची, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का जारी किया येलो अलर्ट, 29 जून तक बारिश और वज्रपात की चेतावनी।
- नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला आज, नवल टाटा हॉकी अकादमी और सिमडेगा के बीच होगी खिताबी भिडंत।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नयी दिल्ली में देश के दो महान आध्यात्मिक और नैतिक गुरु श्री नारायण गुरु तथा महात्मा गांधी के बीच हुए ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सौ साल पहले हुई यह बैठक आज भी सामाजिक सद्भाव और विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि इसके जरिये पूरी दुनिया ने भारत के सामर्थ्य को देखा है।

*******************

राज्य के अंचलों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति के खिलाफ आज पूरे राज्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता अंचल कार्यालयों का घेराव कर रहे हैं। रांची के विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता सीपी सिंह ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और कानून व्यवस्था में लगातार गिरावट आ रही है।

*******************

भाजपा के प्रदर्शन पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि जो पार्टी भ्रष्टाचारियों से भरी पड़ी है, वह दूसरों को आइना दिखाने का प्रयास कर रही है।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य में पेसा कानून लागू कराने को लेकर पहल करने की मांग की है। श्री दास ने पीएम जनमन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही जेपीएससी परीक्षा 2023 में हुई अनियमितता की उच्चस्तरीय जांच का भी आग्रह राज्यपाल से किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून लागू करने को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है।

*******************

राज्य में सत्तारुढ़ झामुमो ने केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के उस बयान पर कड़ा ऐतराज जताया है जिसमें उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडेय ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा राज्य की जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कल जमशेदपुर और सरायकेला में आरोप लगाया था कि राज्य की हेमंत सरकार घुसपैठ को संरक्षण देकर झारखंड को बंगाल बनाना चाहती है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

हजारीबाग के बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपुरा पंचायत के जोराकाठ गांव में सड़क निर्माण कार्य में लगे छह वाहनों और एक जनरेटर को अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। जलाये गये वाहनों में दो जेसीबी, दो हाइवा, एक ग्रेडर और एक पानी टैंकर शामिल हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

*******************

पाकुड़ में जिला प्रशासन की ओर से विचाराधीन कैदियों को हुनरमंद बनाकर उनके आर्थिक एवं सामाजिक जीवन में बदलाव लाने की पहल की जा रही है।

*******************

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध विराम की घोषणा के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के कारण घरेलू शेयर बाजार सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर लगभग एक दशमलव दो प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स एक हजार 14 अंक बढ़कर 82 हजार 911 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 311 अंक उछलकर 25 हजार 283 पर पहुंच गया।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

राज्य में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ़ और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने 29 जून तक राज्य में बारिश और वज्रपात होने की चेतावनी जारी की है।

*******************

नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला आज जमशेदपुर में नवल टाटा हॉकी अकादमी और सिमडेगा के बीच शाम पांच बजे से खेला जायेगा। इससे पहले कल सेमीफाइनल मुकाबले में सिमडेगा ने खूंटी को और नवल टाटा हॉकी अकादमी ने रांची को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए आज ही रांची और खूंटी के बीच भी भिड़ंत होगी

************